UPSC MAINS · ANSWER PRACTICE

International Relations · GS - II

भारत और अमेरिका के बीच
प्रस्तावित व्यापार समझौते के
संदर्भ में, भारत के निर्यात ,
घरेलू उद्योगों तथा आर्थिक
विकास पर द्विपक्षीय व्यापार
समझौतों के संभावित प्रभावों
की चर्चा कीजिए।

EXAM YEAR

DAILY PRACTICE 17/10/2026

PAPER

GS - II

SUBJECT
International Relations

MARKS

10

WORD LIMIT

~150 words

Answer Hint

द्विपक्षीय व्यापार , टैरिफ में कटौती , मार्केट एक्सेस ,
निर्यात वृद्धि , विदेशी निवेश , रोजगार सृजन , घरेलू उद्योगों
की प्रतिस्पर्धा , व्यापार घाटा , कृषि एवं MSME क्षेत्र ,
रणनीतिक साझेदारी , आत्मनिर्भर भारत।

Model Answer

1. परिचय

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता दोनों देशों के आर्थिक
संबंधों को मजबूत करने का अवसर प्रदान कर सकता है। टैरिफ में कटौती ,
बाजार तक पहुंच और व्यापारिक नियमों पर सहमति इसके प्रमुख मुद्दे
हो सकते हैं।

www.becomeias.com YouTube: becomIAS | Instagram: howtobecomeias

2. संभावित लाभ

निर्यात में वृद्धि : भारतीय वस्त्र ,
औषधि, इंजीनियरिंग उत्पाद और अन्य
वस्तुओं को अमेरिकी बाजार में बेहतर
अवसर मिल सकते हैं।
निवेश और रोजगार : व्यापारिक निश्चितता
से निवेश , तकनीकी सहयोग और रोजगार सृजन
को प्रोत्साहन मिल सकता है।
रणनीतिक संबंध : आर्थिक सहयोग से भारत –
अमेरिका साझेदारी और मजबूत हो सकती है।

3. प्रमुख चुनौतियाँ

घरेलू उद्योग : आयात प्रतिस्पर्धा से
कुछ भारतीय उद्योगों और MSME पर दबाव पड़
सकता है।
कृषि क्षेत्र : बाजार खोलने से किसानों
और संवेदनशील कृषि उत्पादों पर प्रभाव
पड़ सकता है।
व्यापार संतुलन : समझौते की शर्तें भारत
के निर्यात और आयात दोनों को प्रभावित
कर सकती हैं।

4. निष्कर्ष

भारत को ऐसा व्यापार समझौता अपनाना चाहिए
जो निर्यात प्रतिस्पर्धा बढ़ाए , घरेलू
उद्योगों के हितों की रक्षा करे और
दीर्घकालीन आर्थिक विकास को प्रोत्साहित
करे।

www.becomeias.com YouTube: becomIAS | Instagram: howtobecomeias